प्रेस विज्ञप्ति

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज के तत्वाधान में एवं श्री शेषमणि माननीय जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज की अनुमति से दिनांक- 25.11.2026, 26.11.2026, 27.11.2026, 30.11.2026 व 01.12.2026 को परा विधिक स्वयं सेवकों की नियुक्ति किये जाने हेतु साक्षात्कार के लिए उक्त तिथियां निर्धारित की गयी हैं। उक्त साक्षात्कार माननीय जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज द्वारा गठित समिति के द्वारा जनपद न्यायालय के सभागार, द्वितीय तल, नई बिल्डिंग में आहूत की जाएगी। एतद्द्वारा सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि सभी अभ्यर्थी कार्यालय आकर अथवा सूचना अनुसार अपने-अपने निर्धारित तिथि की जानकारी प्राप्त कर सकतें हैं एवं सभी अभ्यर्थी साक्षात्कार में ससमय उपस्थित होने का कष्ट करें। उक्त साक्षात्कार हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता व अन्य भत्ता देय नहीं होगा। यह जानकारी श्रीमती प्रदीप्ति सिंह, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज द्वारा दी गई।

कृपया सर्वसंबंधित सूचित हों।